एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुझे कभी किसी से असुरक्षा नहीं हुयी: माधुरी

बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित का कहना है कि उन्हें कभी किसी से कोई असुरक्षा नहीं रही है। माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कलंक को लेकर प्रमोशन में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें जिस तरह के रोल मिल रहे हैं, यह उनकी अपनी चाहत रहती है कि वह कौन सा किरदार चुनेंगी कौन सा नहीं।

उन्होंने कहा कि मुझे कभी रोल नहीं मिला, ऐसा कभी हुआ नहीं है। मुझे जैसा काम चाहिए, मुझे वह मिल ही जाता है। यह इंडस्ट्री की चॉइस नहीं है कि वह मुझे क्या ऑफर करते हैं। मायने यह रखता है कि मैं उनमें से क्या चुनती हूं। मुझे कभी भी किसी से भी असुरक्षा महसूस नहीं हुई है। मैंने कभी अपने समकक्ष की अभिनेत्रियों को भी अपनी प्रतिभागी नहीं माना है। मैं हमेशा उन्हें कलीग के रूप में ही देखती हूं।

माधुरी ने कहा मैंने हमेशा माना है कि किसी भी कलाकार में क्या खास है, यह इस बात से मत देखिए कि आपकी कितनी फिल्में हिट या फ्लॉप हुई हैं। उनके परफॉर्मेंस को देखना जरूरी है। फिल्म कलंक 17 अप्रैल को रिलीज हो रही है। इस फिल्म के जरिए लगभग २० साल के बाद माधुरी दीक्षित और संजय दत्त एक साथ आ रहे हैं। इसमें आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर की भी अहम भूमिका है।

फिर साथ नज़र आएगी दिशा पटानी और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी

बॉलीवुड की हॉट जोड़ियों में से एक टाइगर श्रॉफ और दिशा पटानी एक बार फिर साथ दिखाई देने वाले हैं। ये जोड़ी रील लाइफ और रीयल लाइफ दोनों में ही काफी पसंद की जा ती है। अब ये दोनों एक विज्ञापन में साथ दिखाई देंगे। इन दोनों ने विज्ञापन के लिए साथ में एक वीडियो भी शूट की है।

पेप्सी के २०19 हर घूंट में स्वैग अभियान के हिस्से के रूप में इस एंथम में स्टार रैपर बादशाह भी दिखाई देंगे और इसे अहमद खान द्वारा कोरियाग्राफ किया गया है।

बागी 2 और कुछ म्यूजिक वीडियो में टाइगर के साथ दिखाई देने वाली दिशा ने कहा कि यह अभियान युवाओं के कूल एट्टीट्यूड और स्वैग को दर्शाता है।

अभिनेत्री ने एक बयान में कहा, यह गाना बेहद ही सरल, खुशदिल और राहत देने वाला है। डांस स्टैप, संगीत, रंग और कपड़ों ने मिलकर गाने में चार चांद लगा दिए हैं। मैं ईमानदारी से कह सकती हूं कि मैंने अपनी जिंदगी में एक गाने की शूटिंग में इतना मजा कभी नहीं किया।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि लोगों को इसे देखने में मजा आएगा, क्योंकि मुझे इसके लिए प्रस्तुति देने में मजा आया है।

करियर की शुरुआत में बाधा बन गई थीं घनी भौहें : आयुष्मान

अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि उनकी घनी भौहें उनके करियर की शुरुआत में बाधा बन गई थीं। अभिनेता ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, भौहें घनी हैं। आयुष्मान ने कहा, मेरे शुरुआती ऑडिशन में मुझसे कहा गया कि यार तुम्हारी भौहें बहुत डिस्ट्रेक्टिंग हैं। लेकिन अब मेरे स्टाइलिस्ट कहते हैं, मुझे इसे रखना चाहिए क्योंकि यह बहुत स्टाइलिश हैं। पिछले साल अंधाधुन और बधाई हो जैसी फिल्मों के लिए सराहना पाने वाले आयुष्मान आर्टिकल 15 में काम को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म में आयुष्मान मुख्य किरदार निभाएंगे जबकि ईशा तलवार, मनोज पहवा, सयानी गुप्ता, कुमुद मिश्रा, एम. नसीर, आशीष वर्मा, सुशील पांडे, सुब्रज्योति भरत, रोंजिनी चक्रवर्ती और जीशान अयूब सह-कलाकार की भूमिका निभाएंगे। बनारस मीडिया वर्क्स द्वारा निर्मित फिल्म की शूटिंग एक मार्च से लखनऊ में शुरू हो चुकी है।



बिग बी पर नजर रखना पसंद करेंगी विद्या बालन

अगर बॉबी जासूस की अभिनेत्री विद्या बालन को जासूस बना दिया जाए तो उनका कहना है कि वह मेगास्टार अमिताभ बच्चन पर नजर रखना पसंद करेंगी। अपने रेडिया शो धुन बदल के तो देखो पर विद्या ने असल जिंदगी में लोगों पर नजर रखने की अपनी आदत के बारे में बात की।

जिसपर बॉबी जासूस की अभिनेत्री विद्या बालन ने अपने पा को-स्टार बिग बी का नाम लिया और कहा कि दिवंगत श्रीदेवी उनकी आदर्श रहेंगी। उन्होंने एक बयान में कहा, मुझे कभी किसी पर नजर रखने की जरूरत का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन मैं सभी के बारे में सब कुछ जानना चाहूंगी। मेरे अंदर इसका कीड़ा है..मुझे लोगों को जानना पसंद है।

विद्या ने कहा, वह अमिताभ बच्चन की जासूसी करना चाहेंगी क्योंकि उनके विचार और उनकी भावनाएं उनके भाव से कभी नहीं झलकती। उनका चेहरा काफी गंभीर है, जिसे पढ़ पाना बहुत मुश्किल है। बिल्कुल वह कैमरा फेस करते हुए अलग होते हैं। विद्या का रेडिया शो 92.7 बिग एफएम पर प्रसारित हुआ।